# एक नजर

## कई पुलिस उप निरीक्षकों का स्थानांतरण

स्वतंत्र चेतना

देहरादून। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की ओर से जिले में कई पुलिस उप निरीक्षक, अपर उप निरीक्षकों को तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) कार्यालय से जारी आदेश में उपनिरीक्षक विनोद कुमार को चौकी प्रभारी त्रिवेणीघाट कोतवाली ऋषिकेश से कोतवाली ऋषिकेश भेजा गया है। उपनिरीक्षक प्रकाश पोखरियाल को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी त्रिवेणी घाट कोतवाली ऋषिकेश और उपनिरीक्षक अर्जुन सिंह को चौकी प्रभारी धारा कोतवाली नगर पुलिस लाइन से पुलिस कार्यालय तैनाती की गई है। उपनिरीक्षक आशीष कुमार को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी धारा कोतवाली और अपर उपनिरीक्षक उम्मेद सिंह को पुलिस लाइन से थाना सेलाकुई भेजा गया है।

## दूध पीती बच्ची छोड़ दो बच्चों की मां फरार, पति पर टूटा दुखों का पहाड़

स्वतंत्र चेतना

अल्मोड़ा लमगड़ा विकासखण्ड के तोली निवासी सुंदर सिंह बर्गली की पत्नी हल्द्वानी से फरार है। मुखनी हल्द्वानी थाने में पति ने पत्नी उषा की गुमशुदी की रिपोर्ट भी दर्ज करा दी है। सुंदर सिंह के अनुसार उसकी पत्नी दो माह पूर्व तक घर गांव में रहती थी। माता पिता न होने से वह यहां सबकुछ बेचकर हल्द्वानी बच्चो के साथ आदर्शनगर में रहता था। 6 मार्च को दिन में अचानक उसकी पत्नी दो बच्चों एक 4 साल की और दूसरी 6 महीने की को छोड़कर फरार हो गई। सुंदर सिंह के अनुसार उसे शक है कि किसी पिथौरागढ़ निवासी युवक के साथ वह दिल्ली फरार हुई है। सुंदर सिंह ने पुलिस से पत्नी को ढूंढ़ने की गुहार लगाई है। उसके अनुसार वह लगभग 3 तोला सोना और 50 हजार से अधिक रूपया लेकर गई है। घटना के पीछे सोशल मीडिया में दोस्ती की कहानी नजर आ रही है। स्थानीय बाजार में खंगाली गई सीसीटीवी कैमरा फुटेज में भी महिला घर से गायब होती दिखाई दे रही है। फुटेज में वह अकेले दिखाई दे रही है।

## वाहन दुर्घटना ग्रस्त एक की मौत

स्वतंत्र चेतना

अल्मोड़ा। भनोली क्षेत्र में आल्टो कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में बुजुर्ग की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो अन्य यात्रियों की जान बाल-बाल बच गई। राजस्व पुलिस ने मृतक के पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजन के सुपुर्द कर दिया। बीते रविवार की देर शाम अल्टो कार भनोली से पालड़ीगूंठ की ओर जा रही थी। इस दौरान भनोली पशु चिकित्सालय से कुछ दूरी पर हैंडपंप के समीप वाहन अनियंत्रित होकर करीब 50 मीटर गहरी खाई में जा गिरा। वाहन गिरने की आवाज से आस-पास के लोग मौके की ओर दौड़े। इस बीच वाहन सवार दन्यां के पपोली निवासी जगदीश राम (62) पुत्र धनी राम की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि वाहन सवार पालड़ीगूंठ निवासी हरीश सिंह नैनवाल (42) पुत्र बची सिंह और बची सिंह (46) पुत्र जमन सिंह को मामूली चोटे आई। स्थानीय लोगों ने राजस्व पुलिस को घटना की सूचना दी। घटनास्थल पर पहुंची राजस्व पुलिस की टीम मृतक जगदीश को अस्पताल ले गई, चिकित्सकों के उसे मृत घोषित कर दिया। भनोली के राजस्व उप निरीक्षक महेश चंद्र शर्मा और फूटा राजस्व उप निरीक्षक दिकपाल सिंह बोरा ने शव कि शिनाख्त करवाने के बाद उसका पंचनामा भरा। सोमवार को मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव स्वजन के सुपुर्द कर दिया।

## पूर्व दजार्मंत्री कर्नाटक ने सल्ला में ग्रामीणों के साथ की बैठक

स्वतंत्र चेतना

अल्मोड़ा। पूर्व दजार्मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने विकासखंड भैसियाछाना के ग्राम सल्ला में ग्रामीणों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं को सुना। समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। मौके पर ग्रामीणों ने उन्हें कहा कि सड़क की समस्या यहां मुख्य हैं। पेयजल पाइप लाइन खुली होने के कारण समय समय पर टूट जाती है। जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यहां हेमा देवी, नाथ राम, बची राम, नीमा देवी आदि मौजूद रहे।

## कटारमल निवासी एक व्यक्ति ने एसएसपी अल्मोड़ा को सौंपी तहरीर

स्वतंत्र चेतना

अल्मोड़ा। कटारमल निवासी आनंद सिंह ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अल्मोड़ा देवेंद्र पींचा को शिकायती पत्र सौंप गांव के ही एक व्यक्ति पर उनकी नाप भूमि पर जेसीबी से कटान का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि व्यक्ति एक ओर जबरन उनकी नाप भूमि काट रहा है वही व्यक्ति पर परिवार के लोगों को डराया धमकाने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने मामले में उचित कार्रवाई की मांग की है।

## मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई

स्वतंत्र चेतना

अल्मोड़ा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु स्वीप टीम के माध्यम से पालिका कर्मियों एवम निर्मल स्वयं सहायता समूह जोशीखोला द्वारा आम जनमानस के साथ 100 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य संदेश के साथ वोट अपील की गई और मतदाता जागरूकता एवम शपथ दिलाई गई। इसी क्रम में जनपद में अनेक स्थानों पर नुक्कड़ नाटकों आदि के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए तथा लोगों को मतदान का महत्व बताया गया। संस्कृति विभाग के माध्यम से भी पंजीकृत सांस्कृतिक दलों द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया।

## भाजपा प्रशासन की आड़ में द्वेष भावना के चलते दर्ज करा रही मुकदमाः तिवारी

स्वतंत्र चेतना

अल्मोड़ा। विधायक मनोज तिवारी ने जारी अपने बयान में कहा कि विगत दिनों जाखनदेवी-धार की तूनी मुख्य मोटर मार्ग व धार की तूनी से साई बाबा मन्दिर को जाने वाले लिंक मार्ग में दुर्दशा को समय पर ठीक नहीं करने से पेयजल निगम व प्रांतीय निर्माण खण्ड लोक निर्माण विभाग के खिलाफ कांग्रेस कार्यक्रताओं व स्थानीय व्यापारियों द्वारा प्रदर्शन करने पर भाजपा सरकार के इशारे पर कांग्रेस कार्यक्रताओ व स्थानीय व्यापारियों पर मुकदमा दर्ज होने पर नाराजगी व्यक्ति की है। साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा द्वेष भावना के चलते काम कर रही है जनहित के मुद्दो को उठाने का प्रयास करने वालो को प्रशासन के आड में झूठे मुकदमों मे फसाकर दबाने का कार्य कर रही है जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा और साथ ही उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन कांग्रेस कार्यक्रताओं, स्थानीय व्यापारियों पर दर्ज हुए झूठे मुकदमों को वापस नहीं लेती हैं तो हमे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास लिए जेल जाने को भी तैयार है।

## कैमिकारा ने जीते दो स्वर्ण और एक रजत

स्वतंत्र चेतना

देहरादून। भारत के पहले प्योर केन जूस रम निमार्ता, पिकाडिली डिस्टिलरीज ने हाल ही में आयोजित रम एंड कैसाका मास्टर्स 2024 प्रतियोगिता में कैमिकारा ने दो स्वर्ण और एक रजत के साथ एग्रीकोल एज्ड रम कैटेगरी में शीर्ष पोजिशन हासिल की है। जिसमें कैमिकारा 12 वाईओ और 8 वाईओ ने स्वर्ण पदक और कैमिकारा 3 वाईओ ने एक रजत पदक हासिल किया है। इस उपलब्धि के बारे में बात करते हुए डिस्टिलरीज के संस्थापक, सिद्धार्थ शर्मा ने कहा, कि हम इस मानसिकता को तोड़ना चाहते हैं कि रम एक सस्ता ड्रिंक है। इसलिए हमने भारत की पहली प्योर केन जूस वाली रम का उत्पादन किया है, जो फ्रेश केन जूस से बनी एग्रीकोल स्टाइल है। इसका स्वाद हमारे मौसम, मिट्टी और गन्ने की याद दिलाता है। यह रम हमारी जमीन और समय का एक प्रमाण है, जो किसी भी वैश्विक उत्पाद से बिल्कुल जुदा है।

# मंत्री गणेश जोशी पर लगाया आय से अधिक संपत्ति का आरोप

### राष्ट्रवादी रीजनल पार्टी ने की बर्खास्तगी की मांग

स्वतंत्र चेतना

देहरादून। राष्ट्रवादी रीजनल पार्टी ने प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। पार्टी ने मंत्री गणेश जोशी पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगाते हुए मंत्रिमंडल से उन्हें बर्खास्त किए जाने की मांग की है।

सोमवार को प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि आय से अधिक संपत्ति मामले में घिरे मंत्री गणेश जोशी को मंत्रिमंडल से बर्खास्त किए जाए। पत्रकार वार्ता में पार्टी की ओर से प्रमाण दिखाते हुए बताया कि बिना उद्योग और खेती के उन्होंने 900 करोड़ कैसे कमा लिए। पार्टी ने कहा कि उनके पास दर्जन से भी अधिक प्लाट-दुकानें हैं। प्रदेश संगठन सचिव सुलोचना ईष्टवाल ने कहा कि गणेश जोशी को एक विधायक और मंत्री के तौर पर 2007 से 2023 तक कुल 36 लाख 54 हजार रुपये वेतन के तौर पर मिला, जबकि 2022 में चुनाव हलफनामे में उन्होंने नौ करोड़ रुपये की संपत्ति बतायी है। ईष्टवाल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मांग की है कि गणेश जोशी ने पद का

दुरुपयोग करते हुए आय से अधिक संपत्ति अर्जित की है। किरन डोभाल ने विभिन्न आरटीआई और एडीआर रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि पिछले 15 साल में गणेश जोशी करोड़पति हो गये। उनके देहरादून और हरिद्वार में दस से अधिक प्लाट और फैक्टरी हैं। गणेश जोशी ने आय से कहीं अधिक संपत्ति अर्जित की है। इस मामले में उन्होंने मुख्यमंत्री, विजिलेंस और प्रधानमंत्री कार्यालय को शिकायत की है। मुख्यमंत्री को दी गयी शिकायत में कहा गया है कि कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी 2011 में 15 लाख 60 हजार 730 रुपये, 2012 में 44 लाख 61 हजार 590 रुपये, 2015 में 13 लाख 11 हजार 350 रुपये, 2016 में 30 लाख 33 हजार 980 रुपये, 2017 में 3 लाख 40 हजार 460 रुपये, 2018 में 36 लाख 74 हजार 480 रुपये, 2019 में 51 लाख 94 हजार 720 रुपये, 2020 में 73 लाख 10 हजार 800 रुपये, 2021 में 63 लाख 72 हजार रुपये, 2022 में एक करोड़ 46 लाख 48 हजार 520 रुपये की संपत्ति अपने, अपनी पुत्री नेहा जोशी, पुत्र मयंक जोशी अपनी पत्नी निर्मला जोशी के नाम से खरीदी। गणेश जोशी ने इस अवधि में कुल 5 करोड़ आठ लाख 89 हजार 510 रुपये की संपत्ति खरीदी जो कि उनके ज्ञात आय स्रोतों से कहीं अधिक है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में भी गणेश जोशी की पत्नी निर्मला जोशी ने एक करोड़ 71 लाख 57 हजार की एक भूमि बेची जिसमें उनका चौथाई हिस्सा था। इसी तरह से एक और जमीन इसी दिन 33 लाख 68 हजार की बेची। इसमें भी उनका चौथाई हिस्सा था। उन्होंने कहा कि गणेश जोशी के पुत्र मयंक जोशी ने अपनी पत्नी पंखुड़ी शर्मा को 8 मई 2019 को एक जमीन उपहार में दी। जिसका मूल्य 6 लाख 15 हजार दशार्या गया। ऐसे ही गणेश जोशी ने अपने बेटे मयंक जोशी को 2021 में एक संपत्ति दान में दी। यह सब आय से बहुत अधिक है। राष्ट्रवादी रीजनल पार्टी के मुताबिक 2007 के चुनाव में गणेश जोशी ने जो हलफनामा दायर किया था, उसमें कुल 42 लाख की संपत्ति दशार्यी थी। गणेश जोशी ने 2011 में जो आयकर रिटर्न भरा, उसमें अपनी आय महज तीन लाख 90 हजार 692 रुपये दशार्यी। 2012 के चुनाव में जो हलफनामा दिया गया था उसमें उन्होंने बैंकों में अपनी जमा पूंजी लगभग 13 लाख बतायी। एफडी और एनएससी से दस लाख की आय दिखाई। बच्चों की शिक्षा पर ऋण समेत 29 लाख 93 हजार का कर्ज दिखाया। चुनाव में गणेश जोशी ने 2012 में 9 लाख 55009, 2017 में 24 लाख 2 हजार 600 रुपये और 2022 में 29 लाख 99 हजार 222 रुपये का खर्च दशार्या है।

# किशोरी की न्यूड फोटो दिखाकर किया दुराचार

### कुकर्मी गिरफ्तार, शादी समारोह में बढ़ी थी नजदीकी

स्वतंत्र चेतना

काशीपुर(उधम सिंह नगर)। विवाह समारोह में किशोरी से जान पहचान बढ़ाकर एक युवक ने उसकी न्यूड फोटो हासिल कर ली और फोटो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देते हुए उसने किशोरी से मौका पाकर उससे शारीरिक संबंध बना लिए। इस दौरान आरोपी युवक ने एक और अश्लील वीडियो तैयार कर ली और किशोरी को लगातार ब्लैकमेल करने लगा। पुलिस को मामले की जानकारी मिलने पर उसने आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे कर दिया। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर आईटीआई थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने बताया कि पिछले दिनों उसकी 12 वर्षीय पुत्री की जान पहचान एक विवाह समारोह में बाजपुर निवासी हर्ष दिवाकर पुत्र धर्मवीर दिवाकर से हुई। किशोरी से जान पहचान होने पर युवक ने उसे विश्वास में लेकर नजदीकी बढ़ा ली। इसी बीच किसी तरह किशोरी की न्यूड फोटो युवक ने हासिल कर लिया और इस फोटो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देते हुए बीते 12 फरवरी की रात्रि लगभग 10:00 बजे जब घर में वह अकेली थी मौका पाकर घर पहुंचे युवक ने किशोरी को ब्लैकमेल करते हुए उससे बलात्कार किया और एक और अश्लील वीडियो बना ली। पुलिस को मामले की जानकारी मिलने पर उसने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए उसे तत्परता दिखाते दबोच कर आवश्यक जानकारी जुटाना के बाद अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। उधर दूसरी ओर बलात्कार की शिकार किशोरी का पुलिस द्वारा मेडिकल परीक्षण कराया गया है।

## मुख्यमंत्री धामी के द्वाराहाट विधानसभा भ्रमण की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

स्वतंत्र चेतना

अल्मोड़ा। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आगामी 14 मार्च को द्वाराहाट विधानसभा में कार्यक्रम प्रस्तावित है। यहाँ पर वह एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। सीएम धामी के आगमन को लेकर हालांकि अभी कोई सरकारी कार्यक्रम घोषित नहीं हुआ है, लेकिन कार्यकताओं ने कार्यक्रम की तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिसके लिए लोनिवि गेस्ट हाउस में बीजेपी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने तैयारी हेतु बैठक में प्रतिभाग किया। इसकी जानकारी देते हुए भाजपा प्रदेश विभाग प्रभारी अनिल शाही ने बताया कि सीएम धामी बाखली हेलीपेड पर उतरेंगे। वे चौखुटिया बाजार के रामगंगा पुल से खुली जीप में रैली के साथ लोगों का अभिवादन करते हुए आयोजन स्थल अगनेरी मंदिर परिसर की ओर चलेंगे। इस अवसर पर जिला रानीखेत के सह प्रभारी एवं उपाध्यक्ष पीएमजीएसवाई शिव सिंह बिष्ट, भाजपा प्रदेश विभाग प्रभारी अनिल शाही, समस्त मंडलों के मण्डल अध्यक्ष, मण्डल महामंत्री एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सुल्तानपुर पट्टी में खनन माफियाओं के हौसले बुलंद

### सरकार के राजस्व को भारी नुकसान, पुलिस मालामाल

स्वतंत्र चेतना

बाजपुर/सुल्तानपुर पट्टी(उधम सिंह नगर)। प्रदेश की धामी सरकार जहां एक ओर सुशासन का दावा करते हुए उत्तराखंड राज्य को विकसित राज्य बनाने की दिशा में तेजी से काम कर रही है तो वहीं दूसरी ओर जनपद उधम सिंह नगर के बाजपुर थाना क्षेत्र में अवैध खनन का गैर कानूनी कारोबार प्रशासन की लाख कोशिशें के बाद भी बंद होने का नाम नहीं ले रहा है। राज्य की सीमा से सटे सुल्तानपुर पट्टी में कानून व्यवस्था पूरी तरह पटरी से नीचे है। यहां पुलिस की आंख के सामने प्रतिदिन सैकड़ो अवैध खनन से भरे डंपर एवं ट्रैक्टर ट्रालियां सड़कों पर फरार्टा भरते हुए राज्य की सीमा पार कर यूपी में प्रवेश कर रही है। माना जा रहा है कि अवैध खनन के गैर कानूनी खेल में राजस्व के अधिकारियों एवं स्थानीय पुलिस का महत्वपूर्ण रोल है। अवैध खनन

से सरकार के राजस्व को प्रतिमाह लाखों का चूना लग रहा है।

बताया जा रहा है कि यूपी से आकर खनन कारोबारी खेतों में बिना रॉयल्टी के दिन रात खनन कर रहे हैं। पता चला है कि उनके पास जो वाहन है उनके ई रवन्ना पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन नहीं है। अवैध खनन को लेकर यहां माफियाओं के हौसले इस तरह बुलंद है कि कभी वह होमगार्ड का दिनदहाड़े अपहरण कर लेते हैं तो कहीं ताबड़तोड़ फायरिंग के बीच खून खराबा और हत्याएं यहां आम बात हो गई है। अवैध खनन पर अंकुश न लगने के दुर्घटनाओं का ग्राफ काफी बढ़ चुका है।

खनन भरे वाहनों की चपेट में आकर अकेले सुल्तानपुर पट्टी में अब तक तीन दर्जन से भी अधिक मौतें हो चुकी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा पूर्व में सुल्तानपुर पट्टी पुलिस चौकी तथा बन्नाखेड़ा चौकी में तैनात एस आई तथा पुलिसकर्मियों को अवैध खनन में लिप्त पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था लेकिन पुलिस कर्मियों का रवैया आज भी नहीं बदला। वह मित्रता सेवा सुरक्षा के नाम पर खनन माफियाओं को खुलेआम संरक्षण देते हुए सुविधा शुल्क वसूल कर रहे हैं। पुलिस की कार्यशैली से लोगों में असुरक्षा की भावना पैदा होने लगी है वहीं दूसरी ओर अपराधिक घटनाओं में भी तेजी से इजाफा होते देखा जा रहा है।

### बन्नाखेड़ा में नौ घाटों पर चल रही पोकलैंड व जेसीबी मशीनें

कोतवाली बाजपुर की बन्नाखेड़ा पुलिस चौकी भी अवैध खनन के मामले में पूरी तरह बदनाम है। यहां कोसी नदी के नौ घाटों पर जेसीबी तथा पोकलैंड मशीनों से अवैध खनन का बड़े पैमाने पर खेल खेला जा रहा है। कई बार पुलिस ऑफिसर की तैनाती की जाती है लेकिन खनन माफिया वर्दी पर भारी पड़ जाते हैं। ऐसे ही जोगीपुरा क्षेत्र में भी अवैध खनन का बड़ा कारोबार चल रहा है। इस चौकी क्षेत्र का अधिकांश इलाका वन क्षेत्र में है। दर्जनों बार खनन माफियाओं ने बनकर्मियों को पीट लिया है।

### राज्य की सीमा पर सुरक्षा को लेकर खड़े हुए सवाल

सुरक्षा के लिहाज से राज्य की सीमा पर स्थापित पुलिस चौकियों पर चेकिंग के नाम पर वाहनों से अवैध उगाही की सूचना है। आईटीआई थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली पैगा चौकी मे तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा मुस्तैदी के नाम पर नशा कारोबारियों से सुविधा शुल्क वसूल किए जाने की सूचना है। इस पुलिस चौकी के सामने से प्रतिदिन सुबह सवेरे राज्य की सीमा पार कर दर्जनों ईंटों से भरे ट्रक तथा ट्रैक्टर ट्रॉलियां उत्तराखंड की सीमा में प्रवेश करती हैं। इसी तरह चौकी क्षेत्र के कुछ गांव ऐसे हैं जहां अवैध कच्ची शराब का गैरकानूनी कारोबार पुलिस की कृपा पर कुटीर उद्योग के रूप में जड़ जमा चुका है। ऐसे ही कुंडा थाना क्षेत्र की सूर्या पुलिस चौकी एवं शिवराजपुर पट्टी पुलिस चौकी में वाहनों से अवैध वसूली के अलावा नशे के गैर कानूनी कारोबार को भी नोटों के दम पर संरक्षण देने की सूचना है।

# डबल मर्डर का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

### तीन को पहले ही पुलिस भेज चुकी है जेल

स्वतंत्र चेतना

काशीपुर(उधम सिंह नगर)। डबल मर्डर केस के फरार मुख्य अभियुक्त को आईटीआई पुलिस ने गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद करते हुए जरूरी पूछताछ के बाद अभियुक्त को जेल रवाना कर दिया। बता दें कि बीते 29 फरवरी को कुमाऊं कॉलोनी निवासी चमन सैनी पुत्र महेश सैनी ने आईटीआई पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रात्रि लगभग 9:00 बजे जब वह अपने साथी सुमित के साथ चैती मोड़ से होते हुए अपने घर की ओर जा रहा था इसी दौरान गर्व मेहरा नामक एक युवक उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गया। भाई आकाश को मोबाइल फोन से घटना की जानकारी देने पर आरोपी गर्व मेहरा वहां से चला गया। कुछ देर बाद गर्व मेहरा अपने दोस्त कार्तिक शर्मा दीपक कुमार उर्फ हुड्डा तथा विवेक के साथ वहां पहुंचा और मारपीट करने लगा। इसी बीच चमन का भाई आकाश भी अपने दोस्त अजय के साथ वहां पहुंच गया और बीच बचाव करने लगा। इस दौरान आकाश व अजय को घेरकर आरोपी युवकों ने दोनों पर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ प्रहार करते हुए दोनों को गंभीर रूप से लहुलुहान कर दिया। मौके पर भीड़ जमा होते देखा हमलावर वहां से फरार हो गए।

पुलिस को मामले की जानकारी मिलने पर उसने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया जहां परीक्षण के दौरान आकाश को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया जबकि अजय को नाजुक हालत में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां घटना की दूसरे दिन जीवन मृत्यु से संघर्ष करते हुए अजय ने भी दम तोड़ दिया। इस मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर ढकिया नंबर एक कुंडेश्वरी निवासी विवेक कुमार पुत्र सत्येंद्र कुमार, श्याम पुरम कॉलोनी थाना आईटीआई निवासी गर्व मेहरा पुत्र हरी मेहरा व पच्चावाला बंगाली कॉलोनी कुंडेश्वरी निवासी दीपक कुमार हुड्डा पुत्र राम अवतार के खिलाफ पुलिस ने गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए कातिलों को गिरफ्तार कर उन्हें जेल रवाना कर दिया जबकि मुख्य अभियुक्त ढकिया नंबर 1 कुंडेश्वरी निवासी कार्तिक शर्मा पुत्र सुनील शर्मा कानून की आंख में धूल झोंककर फरार चल रहा था जिसे पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर तलाशी में उसकी कब्जे से कत्ल में प्रयुक्त चाकू बरामद करते हुए जरूरी पूछताछ के बाद अभियुक्त को जेल रवाना कर दिया।

## भाजपा सरकार कर रही सरकारी धन का दुरुपयोग : भोज

स्वतंत्र चेतना

अल्मोड़ा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज ने कहा की अभी तक आचार संहिता लागू नहीं हुई है लेकिन डबल इंजन की सरकार, सरकारी धन का प्रयोग अपने चुनावी प्रचार-प्रसार के लिए कर रही है। यह जनता के धन का दुरुपयोग है। मोदी सरकार का भ्रष्ट चेहरा अब जनता के सामने उजागर हो गया है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोजन ने जारी बयान में कहा कि अल्मोड़ा संसदीय क्षेत्र में सरकार की योजनाओं की जानकारी देने वाले रथ घुमाए जा रहे हैं। ऐसे करीब 50 रथ है। इन रथों का प्रयोग भाजपा अब चुनाव प्रचार के लिए कर रही है। जगह-जगह चुनाव प्रचार के लिए कार्यकर्ता हरी झंडी दिखाकर इसे रवाना कर रहे हैं। इन्हीं गाड़ियों को प्रयोग बीते तीन माह से मोदी सरकार विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए कर रही थी। अब इन्हीं गाड़ियों को चुनाव प्रचार के लिए लगाया जा रहा है। जबकि अभी चुनाव आचार संहिता भी लागू नहीं हुई है। भाजपा जानती है कि आचार संहिता के बाद वह यह खेल नहीं कर सकते। यह सरकारी धन की खुलेआम लूट है। जिलाध्यक्ष भोज ने कहा कि जनता के धन का प्रयोग उनके विकास कार्य के लिए किया जाना चाहिए था। डबल इंजन सरकार को जनता के दुख दर्द से कोई मतलब नहीं है। महंगाई, बेरोजगारी से जनता त्रस्त है। किसान आंदोलनरत है। महिलाओं के साथ लगातार हिंसाएं हो रही है। लेकिन उनको इससे कोई मतलब नहीं रहा। उनके लिए सिर्फ चुनाव जीतना ही मकसद है। इसके लिए चाहे कुछ भी करना पड़े। जनता डबल इंजन के इस खेल को समझ गई है। आने वाले चुनावों में जनता जर्नादन उन्हे जरुर सबक सिखाएगी।

## भाजपा चुनाव कार्यालय का शुभारंभ

स्वतंत्र चेतना

अल्मोड़ा। यहां भाजपा ने जोरशोर से चुनावी अभियान शुरू कर दिया है। इसी सिलसिले में आज अल्मोड़ा विधानसभा के चुनावी कार्यालय का पूजा-अर्चना के साथ शुभारंभ हो गया है। जहां से चुनावी गतिविधियों का संचालन होगा। इसके अलावा आज विशेष प्रचार वाहन भी हरी झंडी दिखाकर रवाना कर दिया है। भाजपा के अल्मोड़ा विधानसभा के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन सोमवार पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, लोकसभा संयोजक राज्यमंत्री शिव सिंह बिष्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा एवं विधानसभा प्रभारी देवेन्द्र नयाल ने संयुक्त रुप से? किया। यहां कार्यालय टैक्सी स्टेण्ड के समीप होटल शैलेश के परिसर में खुला हैं, जहां विधिवत पूजा अर्चना करने के बाद चुनाव कार्यालय का शुभारंभ हुआ। इसमें अल्मोड़ा विधानसभा के अल्मोड़ा नगर मंडल समेत हवालबाग, अल्मोड़ा ग्रामीण व भैंसियाछाना मंडलों में होने वाली पार्टी की चुनावी गतिविधियां संचालित होंगी।

**सूचना**

दैनिक स्वतंत्र चेतना हिंदी दैनिक समाचार पत्र प्राप्त करने के लिए अथवा विज्ञापन या समाचार प्रकाशित कराने के लिए संपर्क करें।

सम्पर्क करें
स्वतंत्र चेतना
डी-21 ओल्ड इंण्डस्ट्रियल एरिया हरिद्वार
मो० 8924876203

**आवश्यकता है**

उत्तराखण्ड के दैनिक स्वतंत्र चेतना समाचार पत्र के लिए विभिन्न जिलों कुमाऊ, चमोली, नई टिहरी, रानीखेत, उत्तरकाशी, रूद्रप्रयाग, गोपेश्वर, पौड़ी गढ़वाल, पिथौरागढ़, बागेश्वर, अल्मोड़ा, नैनीताल, चम्पावत आदि जिलों के लिए अवैतनिक संवाददाओं की आवश्यकता है।

सम्पर्क करें
स्वतंत्र चेतना
डी-21 ओल्ड इंण्डस्ट्रियल एरिया हरिद्वार
मो० 8924876203

## अल्मोड़ा पुलिस के जवान ने लौटाया सड़क पर मिला फोन

स्वतंत्र चेतना

अल्मोड़ा। रविवार को अल्मोड़ा पुलिस के थाना दन्या डायल 112 में नियुक्त कांस्टेबल ललित सिंह को ड्यूटी के दौरान दन्या बाजार में सड़क पर एक कीमती फोन मिला। पुलिस जवान द्वारा मोबाईल स्वामी के बारे में आस-पास के लोगों से जानकारी प्राप्त की गई, तो मोबाईल स्वामी तारा दत्त भट्ट निवासी कुलौरी दन्या का पता चला जिनसे सम्पर्क कर मोबाईल को सुपुर्द किया गया। मोबाईल स्वामी ने पुलिस जवान की ईमानदारी की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया।

**गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**
(पूर्व में पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)
पंजीकृत कार्यालयः 602, 6वीं मंजिल, जीरो वन आईटी पार्क, एसआर। नंबर 79/1, घोरपडी, मुंडवा रोड, पुणे - 411036
ब्रांच ऑफ यूनिटः आशीर्वाद टावर दूसरी मंजिल, प्रेम नगर आश्रम के पास, रेमंड्स शो रूम के सामने, हरिद्वार, उत्तराखंड-249407

GRIHUM HOUSING FINANCE Apna Ghar. Apni Pehchan

**ई-नीलामी - बिक्री सूचना**
SARFAESI अधिनियम के तहत सुरक्षित अचल संपत्ति की बिक्री

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम) के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री नोटिस, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के साथ पढ़ा जाता है।
यहां विशेष रूप से उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर(ओं) को सार्वजनिक रूप से सूचना दी गई है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियों को ग्रिहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (जिसे पहले पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था, के नाम से जाना जाता था, 17 नवंबर 2023 से पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड का नाम बदलकर ग्रिहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड हो गया है (पहले इस नाम से जाना जाता था) मैग्मा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड और मूल रूप से जीई मनी हाउसिंग फाइनेंस पब्लिक अनलिमिटेड कंपनी के नाम से निगमित) (इसके बाद अधिनियम के अनुसार सुरक्षित ऋणदाता के रूप में संदर्भित), जिसका कब्जा सुरक्षित ऋणदाता के अधिकृत अधिकारी द्वारा अभ्यास में ले लिया गया है अधिनियम की धारा 13(2) के तहत नोटिस के अनुसार सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम के नियम 8 और 9 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत शक्तियों का। सुरक्षित संपत्तियां ई-नीलामी के माध्यम से 27/03/2024 के आधार पर एसिसर्क्वेयर, एसिसव्हाटिस, और जो कुछ भी है पर बेची जाएंगी। आम जनता को सूचित किया जाता है कि हम वेबसाइट:https://www.bankeauctions.com पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से सार्वजनिक नीलामी करने जा रहे हैं।

| प्रस्ताव संख्या ग्राहक का नाम (ए) | मांग सूचना दिनांक और बकाया राशि (बी) | कब्जे की प्रकृति (सी) | संपत्ति का विवरण (डी) | आरक्षित मूल्य (ई) | ईएमडी (आरपी का 10%) (एफ) | ईएमडी जमा करने की तारीख (जी) | वृद्धिशील बोली (एच) | संपत्ति निरीक्षण दिनांक एवं समय (आई) | नीलामी की तारीख और समय (जे) | ज्ञात बाधाएं/न्यायालय मामले, यदि कोई हों तो (डे) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ऋण संख्या HM/0173/H/17/100263 संजय गिरी (उधारकर्ता), उर्मिला देवी (सह उधारकर्ता) | सूचना दिनांक: 25/08/2022. रु.2033046.70/-